हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–151 : जौनपुर, बुधवार 03 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कभी मच्छर–माफिया के लिए शहर था बदनाम, आज विकास है नई पहचान

गोरखपुर ब्यूरो : कभी मच्छर और माफिया के लिए बदनाम रहे गोरखपुर की तस्वीर पिछले 5 वर्षों में पूरी तरह बदल गई है। कल को जो शहर पहचान को मोहताज था आज उसकी नई पहचान पूरे देश में चमक रही है। गोरखपुर ने 5 वर्षों में विकास की लंबी छलांग लगाई है। अब हम सभी को मिलकर इसे सुंदरतम नगर बनाना है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नागरिकों से कही।वह यहां नगर निगम की तरफ से आयोजित 125 करोड़ रुपये की लागत वाली 422 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक गोरखपुर के युवाओं के सामने पहचान का संकट था। यहां के व्यापारी को बाहर के उद्यमी उधार नहीं देते थे। युवाओं को बाहर नौकरी नहीं मिलती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन में यहां के नागरिकों ने खुद को विकास के साथ जोड़ा तो 5 साल में परिस्थितियां पूरी तरह बदल गई। पहचान के संकट से उबरकर यहां का नौजवान हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर में दिल्ली व मुंबई जैसी चौड़ी सड़कें हैं। गोरखपुर में एम्स है। खाद कारखाना चालू हो चुका है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज सुपर स्पेशलिटी सेवा दे रहा है। गोरखपुर में जू है। यहां के रामगढ़ताल जैसी झील पूरे देश में कहीं नहीं है। शहर से जितना नजदीक एयरपोर्ट गोरखपुर में है, वह पूरे देश में कहीं और नहीं नजर आता। गोरखपुर में कनेक्टिविटी बढ़ी है, आवागमन आसान हुआ है और नागरिकों के लिए सुविधाएं बढ़ी हैं। एक वह भी समय था जब 12 से 15 सौ लोगों का कार्यक्रम करने के लिए दिक्कत होते थी। बारिश होने पर कार्यक्रम टाल दिया जाता था। आज गोरखपुर में इसके लिए बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह है।गोरखपुर में शानदार रोड कनेक्टिविटी का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखनाथ मंदिर, मेडिकल कॉलेज, महादेव झारखंडी, सहजनवा किसी भी तरफ चले जाइए फोरलेन की सड़कें मिलेंगी।। कालेसर– जंगल कौड़िया बाईपास, जेल बाईपास का निर्माण युद्ध स्तर पर हो रहा है। वाराणसी मार्ग पर भी फोरलेन जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। आज रात में गोरखपुर की सड़कों पर जब लाइट चमकती है तो बाहर से आने वाले लोग अचंभित हो जाते हैं। इसी गोरखपुर में लोग गंदगी और यहां के माहौल से आने में डरते थे।विकास कार्यों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता। विकास कार्यों



के संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। हर एक नागरिक को इसके साथ जुड़ना होता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के ही क्रम में गोड़धोईया की पहली बार सफाई कराई गई है। नाले के दोनों तरफ पक्की सड़कें बनवाई जाएंगी। साथ ही इसमें गंदा पानी ना गिरे, इसके लिए अलग से पाइप डाला जाएगा।गोरखपुर की ई–बस सेवा को सबने सराहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर की ई–बस सेवा को सबने सराहा है। अब पिपराइच, चौरीचौरा, गोरखपुर ग्रामीण, कैंपियरगंज, सहजनवा बांसगांव के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रिक बसों की मांग की है। 10 नई इलेक्ट्रिक बसें इन क्षेत्रों से जुड़ेंगी और लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।हर संकट में साथ खड़ी है सरकार सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर संकट में नागरिकों के साथ खड़ी है। कोरोनाकाल में सरकार ने नागरिकों को संकट से बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। मुफ्त राशन, जांच इलाज व वैक्सीन की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि गोरखपुर पूरे पूर्वांचल के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार का बड़ा आधार है। हम सभी को इस जनाकांक्षा के अनुरूप गोरखपुर को सुंदरतम नगर बनाना है। सीएम योगी ने लाभार्थियों को मंच पर किया सम्मानित लोकार्पण व शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। उन्होंने कुछ नए वाहन चालकों को रोजगार प्रमाण पत्र प्रदान किया। सफाई कर्मियों को सम्मानित किया तथा पीएम आवास योजना के तहत लाभार्थियों को उनके आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इस दौरान उन्होंने दो ट्रांसजेंडर को भी रोजगार पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किसी भी योजना में भेदभाव नहीं किया जाता है। समरस समाज ही हमारी सबसे बड़ी ताकत होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, डॉ विमलेश पासवान, प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर निगम के उपसभापति ऋषि मोहन वर्मा, नगर आयुक्त अविनाश सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी व नागरिक उपस्थित थे।

## 15 अगस्त को झंडारोहण के साथ होगा इस अनोखे उत्सव का आगाज :खेली जाएगी मक्खन–मट्ठे की होली

देहरादून (एजेन्सी ) : रंगों और फूलों से होली के बारे में आपने जरूर सुना होगा। लेकिन उत्तराखंड में एक ऐसी जगह भी है, जहां पर सदियों से दूध–मक्खन की अनूठी होली खेली जाती है। कोरोना महामारी के दो साल बाद दायारा बुग्याल में पारंपरिक एवं ऐतिहासिक अंढूड़ी उत्सव (बटर फेस्टिवल) का भव्य आयोजन होगा। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर दयारा बुग्याल में झंडा रोहण के साथ उत्सव का आगाज किया जाएगा। बटर फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम पुष्कर सिंह धामी को आमंत्रित किया गया है। बुधवार को दयारा पर्यटन उत्सव समिति रैथल के पदाधिकारियों ने पत्रकारों से वार्ता की। समिति के अध्यक्ष मनोज राणा ने कहा कि बटर फेस्टिवल को आजादी का अमृत महोत्सव से जोड़ते हुए पहली बार दयारा बुग्याल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ग्रामीणों के साथ झंडा रोहण किया जाएगा। बटर फेस्टिवल 17 अगस्त को होगा।दयारा बुग्याल में रैथल के ग्रामीण सदियों से भाद्रप्रद महीने की संक्रांति को दूध मक्खन मट्ठा की होली खेलते हैं। प्रकृति का आभार जताने वाले इस अनोखे उत्सव का आयोजन रैथल गांव की दयारा पर्यटन उत्सव समिति व ग्राम पंचायत बीते कई वर्षों से करते आ रही है, जिससे देश–विदेश के पर्यटक इस अनूठे उत्सव का हिस्सा बन सकें। ऊंचे बुग्यालों में उगने वाली औषधीय गुणों से भरपूर घास और अनुकूल वातावरण का फर्क दुधारु पशुओं पर पड़ता है, जिससे उनकी दूध देने की क्षमता भी बढ़ती है। सर्दियों में जब ग्रामीण अपने पशुओं के साथ बुग्याल से गांव की ओर लौटते हैं तो स्वयं और पशुओं की रक्षा के लिए दूध और मक्खन चढ़ाकर प्रकृति का आभार जताते हैं। इसी खुशी में यहां दूध–मक्खन की होली का आयोजन किया जाता है।

## भारतीय संस्कृति व सभ्यता को संजोये हुए भारतीय महिलाओं नें किया भव्य हरियाली तीज कार्यक्रम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मयूर रेजीडेंसी लेडीज ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु हरियाली तीज का कार्यक्रम रोजलिन इन रेस्टोरेंट में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया तत्पश्चात महिलाओं के बीच अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें तीज क्वीन की विजेता नीतू दूबे रही । बेस्ट हेयर स्टाइल का खिताब सरुपा के नाम रहा वहीं बेस्ट ड्रेस अंजू पांडे , गॉर्जियस लुक शशि पाठक , एलिगेंट लुक प्रियंका और बेस्ट मेंहदी का खिताब ममता सिंह के नाम रहा। अलका श्रीवास्तव, गुंजन वर्मा, नीतू दुबे ,पूजा सिंह ,प्रियंका ने भारतीय विरासत को संजोए हुए अपने खूबसूरत नृत्य से सभी का मन मोह लिया। वही सरस्वती, सोनी, अनीता, प्रतिभा और आशिता ने अपनी प्यारी आवाज से संगीत प्रस्तुत कर समा बांध दिया। नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष व सह संयोजक



एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा महानगर गुंजन वर्मा एवं इलियास फैशन ऑरिकल की डायरेक्टर नविता आनंद जज की भूमिका में रहे। अर्चना, ममता, सरस्वती, पूजा द्विवेदी ,सुमन, निधि , विम्मी, शशि, प्रेमा ,निशा ,अंजू , श्यामा माल, भावना ,गीता ,कंचन, प्रज्ञा ,ज्योति एवं सरुपा आदि ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

## विहिप जिलाध्यक्ष ने पुलिस पर जिलामंत्री को पीटने का लगाया आरोप

हरदोइ ब्यूरो अम्बरीश श्रीवास्तव : शाहाबाद पुलिस की पिटाई से घायल विश्व हिंदू परिषद के सह जिलामंत्री एवं आर एस एस के पदाधिकारी अमन सिंह हिन्दू को ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है।जहां उसका इलाज चल रहा है।मंगलवार की रात कोतवाली शाहाबाद में दलित समुदाय की एक मामले में पैरवी करने आये विश्वहिंदू परिषद,भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच वाद विवाद इतना बढ़ गया और दोनों ओर से मारपीट हो गयी।जिसमें विश्वहिंदू परिषद के जिलामंत्री अमन सिंह चौहान को गम्भीर चोट आई।पुलिसिया कार्यवाही से घबराकर उसके अन्य साथी पवन रस्तोगी,अमित मिश्रा मौके से खिसक लिये।काफी देर तक कोतवाली में मचे बवाल के बाद कुछ लोगों ने बड़े नेताओं को घटना की जानकारी दी।नेता विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस घायल अमन सिंह को सीएचसी ले गयी।जहां से डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया।हालत गम्भीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया।जहां वह मौत और जिंदगी की जंग लड़ रहा है।वहीं घटना के बाबत विश्वहिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष माहेश्वरी द्वारा घटना की निंदा करते हुए कोतवाली पुलिस को हिटलर करार दिया।उनका कहना है कि पीड़ित दलितों के उत्पीड़न की शिकायत लेकर अमन, पवन,अमित कोतवाली गए



थे।कोतवाल सुरेश कुमार मिश्र एवं अन्य पुलिस स्टाफ आदि ने मिलकर अमन को बहुत निर्दयता से मारापीटा।ऐसा सलूक तो कभी बड़े अपराधी के साथ भी नही किया जाता है।वहीं पुलिस घटना के बाद से ही बैक फुट पर नजर आ रही है।घटना के बाबत एएसपी का कहना है कि कोतवाली के बाहर 2 पक्षों के बीच मारपीट हुई है जिसमे एक पक्ष पर शांति भंग के आरोप में कार्यवाही की गई है जबकि दूसरे पक्ष के एक युवक को मारपीट के दौरान गम्भीर चोट आई हैं।जिसका इलाज चल रहा है।पुलिस द्वारा विहिप नेता अमन सिंह की पिटाई से भाजपा एवं अन्य हिंदू संगठनों में पुलिस के प्रति गहरा असंतोष व्याप्त हो गया है।क्षेत्र में तनाव को दृष्टिगत रखते हुए कई थानों की पुलिस और पी ए सी शाहाबाद में तैनात कर दी गई है।

## पूर्वांचल राज्य मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक रजनीश तिवारी को मिला लोजपा के प्रदेश संगठन सचिव का दायित्व

थाने ब्यूरो अमित कुमार पाण्डे : पूर्वांचल राज्य मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक रजनीश तिवारी को चिराग पासवान की पार्टी लोजपा में उत्तर प्रदेश में प्रदेश संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है । उक्त बातों की जानकारी देते हुए पूर्वांचल राज्य मोर्चा के मीडिया प्रभारी और केराकत तहसील के पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा ने बताया की लोजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मणिशंकर पांडेय ने उक्त दायित्व सौंपने के बाद नियुक्ति पत्र जारी करते हुए मीडिया में दिए इंटरव्यू के दौरान बताया कि स्वर्गीय रामविलास पासवान के जन समर्पित नेतृत्व में लोक जन शक्ति पार्टी ने बिहार की राजनीति में नए आयाम स्थापित किए और अब माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान ने भी लोक जन शक्ति पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है । उत्तर प्रदेश में लोजपा पूर्वांचल राज्य के विकास के लिए आवाज उठाएगी । नए दायित्व का पदभार मिलने के बाद रजनीश तिवारी ने कहा की पूर्वांचल के विकास के लिए जहां भी आवाज उठाने की जरूरत पड़ेगी बेझिझक उठाएंगे । लोजपा को प्रदेश में मजबूती से खड़ा करेंगे । अपने आभार ज्ञापन में पूर्वांचल राज्य मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सुशील मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक जी को लोजपा के नए प्रदेश संगठन सचिव की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। पूर्वांचल राज्य मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश विश्वकर्मा ने लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारी को नया दायित्व मिलना पूर्वांचल राज्य आंदोलन को और मजबूत करेगा । पूर्वांचल राज्य मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा ने कहा कि पूर्वांचल राज्य मोर्चा लोजपा के इस सरहनीय कदम का स्वागत करता है।



राष्ट्रीय संयोजक
रजनीश तिवारी

## डा. संजय पाठक बने कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज उद्यान एवं वानिकी महाविद्याल के अधिष्ठाता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ ) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने डा. संजय पाठक को उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय का अधिष्ठाता नियुक्त किया है। डा. पाठक वानिकी विभाग के साथ–साथ फल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष का भी कार्यभार देखेंगे। इससे पहले पोस्ट हार्वेस्ट विभाग में भी विभागाध्यक्ष के पद पर कार्य कर चुके हैं। इन्होंने नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय से ही एमएससी (1985) व पीएचडी की डिग्री (1988) हासिल की है। इससे पहले उद्यान विभाग में अधिष्ठाता का कार्यभार देख रहे प्रो. ओपी राव 30 जुलाई को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। डा. संजय पाठक को अधिष्ठाता बनाए जाने से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों व छात्र–छात्राओं में खुशी व्याप्त है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

### पहल डिजाइन ने 12वीं पास विद्यार्थियों की शंकाओं का किया समाधान उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने आबाद अली को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के हजरतगंज स्थित पहल डिजाइन कोचिंग के डायरेक्टर आबाद अली ने 10वी और 12वी पास विद्यार्थियों के भविष्य के रोजगार की सारी शंकाओं का समाधान करते हुए बताया कि डिजाइन क्षेत्र में अपने मन मुताबिक एवम अपनी कुशलता पूर्वक चुनाव किया जा सकता है। इसमें हर दिन कुछ नया करने को और सीखने को मिलेगा जिससे आपकी तरक्की सुनिश्चित हो जाती हैं। एजुकेशन फेस्ट में उपस्थित विद्यार्थियों एवम् अभिभावकों ने परिस्थियो को साझा किया और सभी जानकारियों को जाना। आबाद जी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत कैरियर के विकल्प अनेक हो गए है और क्रिएटिविटी का भविष्य में अति महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है जिसके लिए अभी से तैयार रहना होगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कैरियर काउंसलर आबाद अली को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



## उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि की गई अर्पित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास गुप्ता जी की 37 वीं पुण्यतिथि पर 55, पुराना किला स्थित कोठी में डॉ अखिलेश दास गुप्ता



फाउंडेशन के तत्वावधान में बाबू जी के परिजनों समर्थकों व अनुयायियों की मौजूदगी में दी गई श्रद्धांजलि । इस अवसर पर बाबू जी की पुत्र वधू श्रीमती अल्का दास गुप्ता चेयर पर्सन बी.बी.डी ग्रुप उनके पौत्र विराज सागर दास प्रेसिडेंट बी.बी.डी. ग्रुप तथा बाबू जी की पौत्री सोनाक्षी दास ने अपने माध्यम से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की, साथ ही बाबू बनारसी दास जी के पुत्र व बी.बी.डी. ग्रुप के अधिशासी निदेशक आर.के. अग्रवाल ने अपने पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया। इसी क्रम में बाबू जी के निजी सचिव रहे धर्म सिंह ने बताया कि 28 फरवरी 1979 को बाबू जी उ0प्र0 के मुख्यमंत्री बने और 18 फरवरी 1980 तक उन्होंने प्रदेश की बागडोर संभाली इस छोटे से कार्यकाल में उन्होंने सहकारिता राज्य कर्मचारियों, शिक्षा, कानून व्यवस्था, भाषा व कौमी एकता की अनूठी मिसाल कायम की जो आज भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर लखनऊ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, सुशील दुबे, डॉ. रेहान अहमद खान, सुबोध श्रीवास्तव, बाबू जी के पूर्व निजी सचिव धर्म सिंह, अचल मेहरोत्रा, संदीप अग्रवाल, पूर्व पार्षद डॉ. पी.एस जायसवाल, चंद्र प्रकाश गोयल, राजीव बाजपेयी पूर्व पार्षद, निहाल खान, कमल वाल्मीकि, श्रीमती वन्दना राज अवस्थी, उमा गुप्ता, शान बक्षी, आषा मौर्या, प्रिया गुप्ता, चन्द्रा रावत, आशा गुप्ता, ऊषा वाल्मीकि, नीतिका भारती, अतीक अंसारी, सर्वेश अवस्थी, नृपेन्द्र सिंह, धीरज गुप्ता, विशाल सिंह, मो. साहिल खान, मयंक मिश्रा, सुनील यादव, सनी कश्यप, राम प्रसाद, एवं अशोक सिंह आदि ने भी बाबू जी को नमन किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
यकीन और दुआ नजर नहीं आते मगर नामुकिन को मुमकिन बना देते है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# व्यापारी समाज संगठित तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता:– इंदु सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर किसी भी संगठन की मजबूती के लिए आपसी एकता और सद्भाव अति आवश्यक है, मुझे इस बात का हर्ष है कि पूरे जनपद का व्यापारी आज विषम परिस्थितियों में भी एकजुट है यही कारण है कि जनपद जौनपुर का व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में सबसे मजबूत व्यापार मंडल कहलाता है, व्यापारी अगर एकजुट रहा तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता, उक्त बातें व्यापार मंडल के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू ने जलालपुर के पुरेंव बाजार व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कही है ।समारोह के मुख्यातिथि जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु ने पुरेंव बाजार में नवगठित व्यापार मंडल की इकाई को शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठित रहकर ही हम अपने कार्य को आसानी से कर सकते हैं संगठन मजबूत रहा तो चाहे वह सरकारी अधिकारी हो या अपराधी या अवांछनीय तत्व हो किसी भी बाजार में किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं कर सकता।



उन्होंने नवगठित इकाई को अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी ।समारोह में नव मनोनीत अध्यक्ष संतोष अग्रहरी ने मुख्य अतिथि प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदु का अंगवस्त्रम स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया ।विशिष्ट अतिथि गण एवं अन्य बाजारों के अध्यक्षों को भी अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करने का काम पुरेंव बाजार की नवगठित इकाई ने किया ।शपथ ग्रहण से पूर्व बाजार में पहुंचने पर मुख्य अतिथि इंद्रभान सिंह इंदु का बाजार के व्यापारियों ने ढोल नगाड़े से एवं फूल मालाओं से लादकर के भव्य स्वागत किया। समारोह का संचालन रामचंद्र सिंह ने एवं अध्यक्षता संतोष अग्रहरि ने किया।

# शासन की मंशानुरूप कार्य करना मेरी प्राथमिकता है:ज्योति सिंह एसडीएम सदर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर–जॉइन्ट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल के तबादले हो जाने के बाद खाली हुए स्थान पर शासन द्वारा 2015 बैच की पीसीएस अधिकारी ज्योति सिंह ने बतौर एसडीएम सदर तहसील घ्का कार्यभार बुधवार को ग्रहण किया ।कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उभय पक्षों को सुनकर प्रकरणों का निस्तारण , जनशिकायतों का त्वरित गति से मामलो का निस्तारण करना मेरी प्राथमिकता है। जनपद में भूमि सम्बंधित विवादों को भी अविलम्ब हल करने व सरकारी जमीनों पर अवैध रुप से किये गये कब्जे को कब्जेदारों के चंगुल से मुक्त कराने का प्रयास होगा । मूलतः देवरिया जिले के बरियारपुर गांव की मूल निवासी ज्योति सिंह की कुछ वर्षों की शिक्षा जौनपुर में भी हुई है । इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में



बीटेक की पढ़ाई पूरी कर 2015 बैच की पीसीएस अधिकारी बनने में कामयाब हुई । उन्होंने कहा कि पूरी कोशिश होगी कि जन समस्याओं के सापेक्ष समुचित न्याय हो सके । ज्योति सिंह इसके पूर्व एसडीएम मछलीशहर के रूप में कार्य कर रही थी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल को कानपुर का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बनाये जाने पर रिक्त सदर तहसील पर ज्योति सिंह को एसडीएम का दायित्व दिया गया है।

# अनुसूचित मोर्चा ने हर घर तिरंगा अभियान में 25,000 झंडा लगाने का लिया संकल्प

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष अजय सरोज के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला प्रभारी अनुसूचित मोर्चा एव जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सिंघानिया उपस्थित रहें। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। अनुसूचित मोर्चा की ओर से जिले के सभी 24 मंडल में तिरंगा फहराया जाएगा। अनुसूचित समाज के प्रमुख लोगों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव में तिरंगे के लिए बलिदान देने वालों को याद किया जाएगा ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने कहा कि जिले मे 1.5 लाख घरों तक तिरंगा फहराने का लक्ष्ध्य है। जिसमे से 25 हजार तिरंगा लगाने का लक्ष्य अनुसूचित मोर्चा ने लक्ष्य लिया है। सभी मंडल पर कमेटी बनाई गई है। नौ अगस्ध्त से शुरू होकर 15



अगस्ध्त तक चलेगा। नौ से 11 तक पूरे देश में एक वातावरण बनाने का प्रयास किया जाएगा। 11 से 13 तक भाजपा जमीन पर उतर करके प्रभात फेरी का आयोजन होगा। 13, 14 और 15 तक सभी घर और सरकारी कार्यालय समेत सभी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा ।जिलाध्यक्ष अजय सरोज ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी के दिल के बेहद करीब है। यह सरकार का कार्यक्रम है। भाजपा भी कदम से कदम् मिलाकर चलेगी और उसमे अनुसूचित मोर्चा बढ़–चढ कर हिस्सा लेगी ।उक्त अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश सरोज, अवधेश सोनकर, अर्जुन पासवान, अजय सरोज, गोपाल गौतम, महेंद्र सरोज, मंडल अध्यक्ष गण राजबहादुर, दिनेश गौतम, उमेश सोनकर, संतोष सोनकर, विद्यासागर, रविंद्र कुमार, शैलेंद्र गौतम, दीपक गौतम, नंदलाल गौतम, सिकंदर सोनकर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मेडिकल कालेज की निर्माण के लिए की गयी समीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज की निर्माण कार्यदाई संस्था एवं प्राचार्य शिव कुमार के साथ बैठक कर निर्माण कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में निर्माण निगम के आर.ई. आर.के सिंह के द्वारा बताया गया कि 265 मजदूर कार्य कर रहे है जिस पर जिलाधिकारी ने और अधिक मजदूर बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तृतीय तल पर अवशेष फॉल सीलिंग कार्य एवं बायो केमिस्ट्री लैब को जल्द से जल्द पूर्ण करा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ने तृतीय तल पर बने म्यूजियम, बायो केमिस्ट्री लैब, कम्युनिटी मेडिसिन हाल का स्थलीय निरीक्षण भी किया, जिसमें पाया



कि लगभग कार्य पूर्ण हो चुका है और अवशेष कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने देने के निर्देश कार्यदाई संस्था को दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, बालाजी कंपनी के जीएम राजेश त्रिपाठी, टाटा कंपनी के आरसीएम रत्नेश सिंह, निर्माण निगम के जेई राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गश्त के दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से होमगार्ड की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के बजरंगनगर बाजार में मंगलवार रात एक बजे पुलिस चौकी से दो सौ मीटर दूर गश्त के दौरान अज्ञात वाहन के धक्के से होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गया ।उसे पुलिस कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी लाए। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान भोर में मौत हो गई। क्षेत्र के लोहराखोर गांव निवासी होमगार्ड के जवान सुरेंद्र शर्मा (52)पुत्र झिंगुरी शर्मा ड्यूटी के दौरान बजरंगनगर बाजार में रात में गश्त कर रहे थे। उनका हमराह कांस्टेबल आशीष तिवारी बाजार के दूसरे छोर पर थे ।चौकी से उत्तरी छोर पर लगभग दो सौ मीटर दूर आजमगढ़ को ओर जा चार पहिया वाहन धक्का मारते हुए निकल गया जिससे ये गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी लाये ।हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान भोर में मौत हो गई ।दुर्घटना की जानकारी होने पर सीओ गौरव शर्मा ने थानाध्यक्ष रमेश कुमार के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्रवाई के लिए मातहतों को निर्देशित किया। ।मृत होमगार्ड तीन भाइयों में सबसे बड़े थे ।दुर्घटना में मौत से माता मेवाती देवी, पत्नी आशा देवी, बेटे पवन,पंकज, प्रदीप सहित परिवार के सदस्यों का रो रोकर बुरा हाल है।

# समय से गुणवत्तापूर्ण चारा पशुओं को कराएं मुहैया – निदेशक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश के पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ इंद्रमणि दुबे ने बुधवार को क्षेत्र के शाहपुर गांव में स्थित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने माला पहनाने के बाद गुड खिलाकर गोपूजन किया! पूजा किया । उन्होंने कहा कि गो सेवा तथा गोपालन हमारी संस्कृति है! हम सब को गाय की पूजा करनी चाहिए! जैसा कि धार्मिक ग्रन्थों में इसका स्पष्ट उल्लेख है! मौके पर गौशाला में 120 गोवंश मौजूद थे। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव तथा पंचायत सचिव अनूप सिंह को निर्देशित किया कि पशुओं को समय से चारा पानी के साथ ही पौष्टिक आहार भी देना सुनिश्चित करें ! एक भी गोवंश सड़क पर नहीं मिलना चाहिए। गौरतलब है कि पशुपालन विभाग के डायरेक्टर दुबे को वाराणसी मंडल में गौशालाओं की स्थिति पररखने के लिए शासन ने नामित किया है। उसी के तहत बुधवार को उन्होंने गौशाला शाहपुर का निरीक्षण करने के बाद पशु चिकित्सालय बदलापुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान वैक्सीन, कैसबुक , उपस्थित पंजिका, वाहय रोगी पंजिका, दवा की उपलब्धता आदि के बारे में भी जानकारी किया! निरीक्षण से वह पूर्ण संतुष्ट दिखे। इस मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बदलापुर डॉ धीरज गोयल, पशु चिकित्सा अधिकारी घनश्यामपुर डॉक्टर त्रिलोकी, फार्मासिस्ट वीरसेन सिंह , चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अतीक अहमद आदि मौजूद थे।

# महाविद्यालय में विश्व स्तन पान सप्ताह का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डॉ राम मनोहरलोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज में बुधवार को मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तन पान दिवस सप्ताह 1 अगस्त से 7 अगस्त तक के उपलक्ष्य में एक आयोजन किया गया ।जिसमे मुख्यातिथि सीएचसी मुफ्तीगंज की डॉ कविता यादव ने छात्राओं को स्तन पान सम्बन्धी पहलूओ से अवगत कराया ।वही पर विशिष्ट अतिथि डॉ श्रवण कुमार यादव ने स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी छात्राओं को दिया ।उन्होंने हीमोग्लोबिन की कमी के बारे में सचेत किया ।महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता कुसुम कुमारी ने आहार व पोषण के बारे में बच्चों को विधिवत जानकारी दिया ।डॉ शिप्रा राय एवम डॉ ऊष्मा यादव ने भी स्तनपानकेविभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रचार्य डॉ जयप्रकाशपाठक एवम संचालन संयोजक डॉ प्रतिमा सिंह ने किया ।इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मियों में मंगला प्रसाद ,अजीत कुमार ,अखिलेश आदि लोग रहे ।

# आठ दिवसीय एनसीसी कैंप का आयोजन, 500 कैडेट्स हुए शामिल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिंगरामऊ ।315 संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 96 यूपी बटालियन एनसीसी का आठ दिवसीय कैंप का आयोजन बुधवार को राजा हरपाल सिंह इंटर कॉलेज सिंगरामऊ में हुआ है। कैंप में विभिन्न स्कूल–कालेजों के लगभग 500बालक एवं बालिका कैडिट ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कैडेट को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण मिलेगा। बुधवार को कैंप का शुभारंभ निर्देश देते हुए कर्नल गिरीश शाह ने किया। उन्होंने बताया कि कैंप के दौरान कैडेटों को मानचित्र अध्ययन शस्त्रों का खोलना, जोड़ना, लाइन लेआउट, शस्त्र प्रशिक्षण, समाज सेवा, अनुशासन का महत्व, राष्ट्र निर्माण में कैडेटों की भूमिका सैन्य इतिहास अनुशासन का महत्व सहित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी जाएगी। मेजर दिलीप सिंह ने कहा कि एनसीसी सैन्य विभाग का ही एक अभिन्न अंग है। इससे कैडेटों में देश एवं समाज सेवा का जज्बा पैदा होता है। कैरियर निर्माण में भी एनसीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कैंप में सूबेदार मेजर एमबहादुर बसनेट , कैप्टन सत्य प्रकाश सिंह, लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश, प्रथम अधिकारी रमेश चंद्र सिंह, द्वितीय अधिकारी इंद्रमणि उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# ट्रक की चपेट में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के रामजानकी मोड़ पर सरोखनपुर गांव के पास 17 जुलाई की शाम फोरलेन बाईपास पर एक ट्रक की चपेट में आने से घायल महिला की उपचार के दौरान सत्रह दिन बाद मंगलवार की रात ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । जनपद प्रतापगढ़ के पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर अतरौरा मीरपुर गांव निवासी जुगुन निषाद की पत्नी गुलाबपत्ती 45वर्ष अपने लड़के लाले निषाद की बाइक पर बैठकर जौनपुर दवा लेने गई थीं। दोनों जौनपुर से वापस अपने घर प्रतापगढ़ जा रहे थे कि रामजानकी मोड़ के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गये थे। जिससे बाइक पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल महिला को उपचार हेतु सी एच सी में भर्ती कराया गया था । जहाँ प्रथम उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था!

# गैस पाइपलाइन कार्य का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा तारापुर कॉलोनी में चल रहे गैस पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण किया गया। कार्यदायी संस्था के द्वारा जगह–जगह गड्ढे खोद कर छोड़ दिया गया है जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि तत्काल गड्ढे भरवाए। उन्होंने अधि0 अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि बिना नोटिस के कोई सड़क खोद रहा है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए ।जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम सचिन सिंह को निर्देशित किया कि तत्काल सड़क को ब्लैक टॉप करते हुए ठीक कराए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेट आयुष चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मेंहदी प्रतियोगिता में आंचल व सौम्या तथा सान्या ने मारी बाजी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : छात्राओ में छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी पर बुधवार को मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में प्रतियोगी छात्राओ ने सहयोगी छात्राओं के हथेलियों पर मारवाड़ी, राजस्थानी, अरेबियन आदि डिजाइन की खूबसूरत मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुआ था। जिसमे कुल चालीस जोड़ो ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में आंचल मौर्या ने अपने सहयोगी सिमरन के हाथों पर तो जूनियर वर्ग में सान्या बानो ने अनन्या व सौम्या विश्वकर्मा ने अंशु यादव के हथेली पर मेहंदी रचकर बाजी मारी। सीनियर वर्ग में साइना बानो ने प्रतिभा यादव व रौनक ने तमन्ना सिंह के हाथों पर मेहंदी रचकर क्रमश दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में श्रेया मौर्या ने भूमिका के हाथों पर व अक्षिता पांडेय ने निधि मौर्या के हाथों पर खूबसूरत मेहंदी रचकर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि गुंजा मौर्या ने शिवानी यादव के हाथों पर अरेबियन डिजाइन की मेहदी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक जगदीश नारायण सिंह एडवोकेट ने विजेता



छात्राओं को मेडल व प्रमाणपत्र देकर उनका उत्साह वर्धन बढाया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करना है। ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं का मन पढ़ाई के साथ– साथ उनक जीवन मे उपयोग होने वाले दूसरे साधनों में भी लगता रहे। निर्णायकों में कविता सिंह, अर्चना सिंह, नेहा सिंह, दामिनी सिंह आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर रामचन्द्र सिंह, श्रवण यादव, दिलीप सिंह, सुशील सिंह, अजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, राहुल यादव, बृजेश यादव, कार्तिकेय प्रजापति, अंजनी उपाध्याय, असलम अंसारी, विवेक मिश्र, प्रवीण सिंह, सौरभ सिंह, यशवंत यादव, आर्यन आदि का प्रमुख योगदान था। अध्यक्षता प्रधानाचार्य शरद सिंह व आभार अमित सिंह ने ज्ञापित किया।

# नौ माह से पाँच साल तक के बच्चों को विटामिन ए के साथ ही आयरन सीरप से करेंगे लाभान्वित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बुधवार को जिला महिला अस्पताल में विकास मौर्या के नौ माह के बेटे सत्यम मौर्या को विटामिन–ए की खुराक पिलाकर 'बाल स्वास्थ्य पोषण माह' की शुरुआत की। इसके अलावा सतीश गुप्ता की डेढ़ वर्ष की बेटी ममता सहित कई अन्य बच्चों को भी खुराक पिलाई गई। जिलाधिकारी के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह, जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ तवस्सुम बानो ने भी नौ माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई। सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शिवटामिन ए संपूरण' कार्यक्रम के तहत बाल स्वास्थ्य पोषण माह साल में दो बार चलाया जाता है। अभियान का पहला चरण अगस्त में चलाया जा रहा है। इसमें नौ माह से पाँच साल तक के बच्चों को कई तरह की बीमारियों से बचाने के लिए इस अभियान के तहत विटामिन दृए व आयरन सीरप से लाभान्वित किया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए स्वास्थ्य व आईसीडीएस विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जिससे वह ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) व शहरी स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (यूएचएसएनडी) सत्रों में नौ माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन ए की खुराक पिला सकें और उसका सही ढंग से अनुसरण कर सकें । सीएमओ ने कहा कि कोविड अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है तो इसको देखते हुये हर बच्चे के लिए अलग–अलग चम्मचों से ही विटामिन दृ ए का सेवन कराया जा रहा है। साथ ही सेशन साईट पर हाथ धोने के लिए एक कॉर्नर स्थापित किया गया है। सेशन साईट पर दो गज दूरी व भीड़ न होने पाए, इसका विशेष रूप से ख्याल रखा जा रहा है। नोडल अधिकारी और जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में नौ माह से पाँच वर्ष तक के 4,85,532 बच्चों को विटामिन दृ ए की खुराक से आच्छादित करना है। इसके सापेक्ष बुधवार को लगभग 62 हजार बच्चों को खुराक पिलाई गई। बुधवार और शनिवार को चलने वाले 422 टीकाकरण सत्रों के माध्यम से इस लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। इसके लिए जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर 12,500 विटामिन–ए की बोतलें पहुंचा दी गई हैं। इसके तहत छह–छह माह पर नौ माह से पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों को कुल नौ बार विटामिन–ए की खुराक पिलाई जाएगी। साथ ही सात माह से पाँच वर्ष तक के बच्चों को आयरन सीरप पिलाना, बच्चों का वजन लेना, एक घंटे के अंदर और छह माह तक सिर्फ स्तनपान को लेकर जन जागरूकता, गर्भवती को आयोडीन युक्त की नमक के सेवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों के नियमित टीकाकरण पर भी जोर दिया जा रहा है। अतिकुपोषित बच्चों और गंभीर रूप से बीमार बच्चों को आयरन सीरप नहीं पिलाना है। डॉ सिंह ने बताया कि अभियान में वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्रों के दौरान बच्चों को अलग–अलग चम्मचों से विटामिन–ए खुराक पिलायी जाएगी। इसके साथ ही कोविड–19 से बचाव एवं रोकथाम के नियमों का आवश्यक रूप से पालन कराया जाएगा ।इस अवसर पर सिक न्यू बार्न चाइल्ड केयर यूनिट (एसएनसीयू) के नोडल अधिकारी डॉ संदीप सिंह, संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) की डिस्ट्रिक्ट मोबलाइजेशन कोआर्डिनेटर गुरदीप कौर और बलवंत सिंह, यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर (वीसीसीएम) शेख अबजाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# आजादी का अमृत महोत्सव किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जौनपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न विकास खंडों से युवा कलाकार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आज के इस उत्सव में लोक नृत्य, लोकगीत, हारमोनियम तबला एवं गिटार वादन की प्रतियोगिता आयोजित की गई ।लोक नृत्य में गुरैनी शाहगंज प्रथम, शाहगंज द्वितीय एवं मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज की टीम तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत में डोभी ब्लॉक की टीम प्रथम स्थान, मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज द्वितीय एवं डोभी ब्लाक की ही टीम तृतीय स्थान प्राप्त किया। तबला वादन में धीरज चौबे डोभी प्रथम, पीयूष निगम द्वितीय, गौरव यादव तृतीय, गिटार वादन में सनी मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज प्रथम, आदित्य द्वितीय स्थान तथा हारमोनियम वादन में आदित्य प्रथम एवं बृजेश द्वितीय स्थान प्राप्त किए। विजेता कलाकारों को मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा मेडल एवं



प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ0 विवेक विक्रम सिंह, डॉ0 ममता सिंह एवं डॉ राकेश कुमार का योगदान रहा। विक्रम का संचालन संदीप कुमार सरोज एवं अहमद अब्बास खान असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में अजय विक्रम सिंह, दिलीप कुमार, रवि प्रकाश, जय विक्रांत सिंह, स्वाति पांडेय, मनोज यादव, लालमणि यादव, वेद प्रकाश उपाध्याय, इंद्राज यादव आदि सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह द्वारा विजेता खिलाड़ियों को अवगत कराया गया कि 11 अगस्त 2022 को मंडल स्तरीय युवा उत्सव वाराणसी में आयोजित किया गया। जिसमें समय से प्रतिभाग करना है। अंत में समस्त प्रतिभागियों के प्रति युवा कल्याण अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# गो आश्रय स्थल कृषि भवन का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन द्वारा नामित विभागीय नोडल अधिकारीधनिदेशक पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ डॉक्टर इंद्रमणि के द्वारा गो–आश्रय स्थल, शाहपुर विकासखंड बदलापुर, सादनपुर विकासखंड बक्सा एवं गो–आश्रय स्थल कृषि भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि गो–आश्रय स्थलों में भूसा भंडारण की क्षमता है और मौके पर पर्याप्त भूसा पाया भी गया। कहीं भी जलजमाव की स्थिति नहीं पाई गई। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत दिए गए गोवंशो का सत्यापन भी किया। लाभार्थियों के द्वारा बताया गया कि धनराशि प्राप्त हो रही है। नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में समस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिन गोआश्रय का भ्रमणकर अनुश्रवण एवं मूल्यांकन की समीक्षा से अवगत कराते रहे। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराये ।इसके उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा विकास भवन के सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारीध्मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ विभागीय कार्यो की समीक्षा की और निर्देशित किया गया कि गौशाला में पायी गयी कमियों को दूर कराते हुए एचएस टीकाकरण का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराया जाय

# नागपंचमी पर लगभग तीन लाख से अधिक भक्तों ने किया नागेश्वरनाथ का अभिषेक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)नाग पंचमी पर अयोध्या के नागेश्वर नाथ नाथ मंदिर में तीन लाख से अधिक भक्तों ने जलाभिषेक किया।इससे पहले सरयू स्नान और हनुमानगढ़ी,कनक भवन, रामलला दरबार,सह्स्त्र धारा मंदिर,नाग नाथ महादेव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।इस मौके पर कड़ी सुरक्षा के बीच भोर से नागेश्वर नाथ मंदिर में अभिषेक के लिए भक्त पहुंचने लगेससुबह बरसात के बावजूद भीगते हुए भक्तों ने दर्शन–पूजन और स्नान कियास भीड़ के चलते मुख्य मार्ग पर भी पैदल चलना दूभर थास देर रात तक भक्ति का यह सिलसिला जारी रहा। लोगों के मुताबिक मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन 108 प्रमुख शिव मंदिरों में एक नागेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना और अभिषेक करने से काल सर्प योग के खराब प्रभाव से मुक्ति मिलती है। सहस्त्र धारा मंदिर और नागनाथ मंदिर के पूजन को लेकर भी इसी तरह की मान्यता है।अयोध्या में नाग पंचमी पर बोल बम के नारे के साथ शिव भक्तों की कतार देखने



को मिल रही है। वही सुरक्षा की दृष्टि से डीएम नीतिश कुमार और एसएसपी प्रशांत वर्मा ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने का सख्त निर्देश बार–बार दियास डीएम ने मेला क्षेत्र में लगातार सफाई व्यवस्था और सुलभ शौचालयों पर रेट लिस्ट लगाने तथा सही मूल्य लेने का भी निर्देश दियास

# नगर निगम ने 200 कर्मचारियों को हटाया जो 8–8 वर्षों से काम कर रहे थे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जहां एक और प्रदेश की योगी सरकार लगातार लोगों को रोजगार देने की कोशिश में जुटी है तो वही अयोध्या नगर निगम का हाल अजब गजब है जहां अब तक 200 से अधिक कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका है सभी के सामने रोजी–रोटी का संकट मुंह बा कर खड़ा हो गया इन कर्मचारियों ने सांसद महापौर एवं नगर आयुक्त से दोबारा वापसी की मांग की है लेकिन राहत नहीं मिली अलग–अलग शब्दों में इन कर्मचारियों को नगर निगम ने हटाया है इससे संबंधित पत्र गुजरात की फार्म को भेजा गया था यही कंपनी कर्मचारियों की आपूर्ति करती है हटाए गए कर्मचारियों की एक सूची में 168 तक नाम है इन सभी की सेवाएं 1 जुलाई से खत्म कर दी गई हैं साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि 1 जुलाई के बाद से अनुभाग की सेवाएं नहीं देंगे इन कर्मचारियों ने उम्मीद नहीं छोड़ी में निगम जाते रहते हैं चर्चा है कि दोबारा आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी रखने की तैयारी है एक कर्मचारी के पिता ने इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को हटाने का षड्यंत्र बताया है उन्होंने यह भी बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मचारी कैसे रखे जाते हैं जग जाहिर है वे बताते हैं कि उनका बेटा 8 वर्ष से कार्य कर रहा था लेकिन अधिकारी व फर्म ने मिलकर रोजी–रोटी छीन ली वहीं पार्षद रमेश दास ने इस भ्रष्टाचार बताया कहा कि निधि। कर्मचारी इसमें फंस गए सीएम योगी से मामले की शिकायत भी करेंगे उन्होंने कहा कि इसमें अधि।कांश नियमित कार्य करने वाले कर्मचारी थे वही पार्षद संजय पांडेय कहते हैं कि शासनादेश में इन कर्मचारियों की सेवाएं का निरंतर बाद इतना किया जाने का उल्लेख है इसके बावजूद इसके मनमानी कर हटा दिया गया।

## ई–चालान ट्रायल शुरू, रिकाबगंज में सर्वाधिक लोगों ने किया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की अब खैर नहीं है। आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत अब ई–चालान का ट्रायल शुरू हो गया है। इसके लिए शहर के 20 चौराहों पर लगे कैमरों से निगरानी की जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रिकाबगंज में सर्वाधिक ट्रैफिक उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। 31 जुलाई को 4749 लोगों ने रिकाबगंज चौराहे पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया था। सबसे बड़ी बात यह है कि इनमें सबसे अधिक रेड लाइट जंप करने के मामले हैं। अयोध्या में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए आईटीएमएस प्रोजेक्ट के तहत 20 चौराहों को ट्रैफिक लाइट व कैमरों से युक्त किया गया है। इस आईटीएमएस परियोजना की जिम्मेदारी भोपाल की फर्म टेक्नोसेस सिक्योरिटी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को नगर निगम ने सौंपा है। चौराहों पर एनपीआर और आरएलवीडी कैमरे लगाए गए हैं। एनपीआर कैमरे नंबर प्लेट को पढ़ने का काम करते हैं, जबकि आरएलवीडी एविडेंस दिखाते हैं। अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम से मिले आंकड़ों के मुताबिक 31 जुलाई को रिकाबगंज चौराहे पर 4749 लोगों के ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने की रिपोर्ट मिली है, जिसमें 3363 लोगों ने रेड लाइट जंप की, 1049 लोगों ने जेब्रा लाइन व 37 लोग गलत दिशा में वाहन चलाते रिकॉर्ड हुए हैं। इसी तरह पुलिस लाइन चौराहे पर कुल 803 लोगों के ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। यहां 731 लोगों ने रेड लाइट जंप की, 65 लोगों ने जेब्रा लाइन क्रॉस की व 7 लोग गलत दिशा में आते दिख हैं। यही सूरत नगर के अन्य चौराहों की भी है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान उनके घर पहुंचेगा। अमानीगंज स्थित कंट्रोल रूम में बैठे कर्मी नियमों का उल्लंघन करने वालों की नंबर प्लेट रीड कर संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेज देंगे, जिसके बाद चालान बाई पोस्ट घर पहुंचेगा।

# परिषदीय स्कूलों में साल–दर–साल बढ़ रही बच्चों की संख्या–रामचंद्र यादव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)आज परिषदीय स्कूलों की हालत योगी सरकार ने सुधारा है।यही वजह है कि इन स्कूलों में बच्चों की संख्या साल–दर–साल बढ़ रही है।सरकार ड्रेस,स्वेटर,बैग,जूते–मोजे व स्टेशनरी के क्रय के लिए 1200–1200 रुपए प्रति छात्र अभिभावकों के खाते में भेज रही है।यह बातें रुदौली बीआरसी पर आयोजित धनराशि अंतरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक रामचंद्र यादव ने कही। विधायक ने कहा अफसरों को जर्जर भवन यहा वहां तक आवागमन में असुविधा हो रही है।विधायक ने ऐसे विद्यालयों को चिह्नित करते हुए कार्य कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उन्होंने पांच छात्र–छात्राओं को पुस्तकें उपलब्ध कराकर योजना का शुभारंभ किया।इससे पूर्व उन्होंने उपजिलाधिजारी स्वप्निल यादव,खण्ड विकास अधिकारी अखिलेश कुमार गुप्त,खण्ड शिक्षा अधिकारी रामशंकर व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी संग मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बीईओ ने अतिथियों का आभार जताया।बोले–शिक्षा के क्षेत्र में वे निरंतर काम कर रहे हैं।इसी कड़ी में परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के खाते में 1200–1200 रुपए की धनराशि भेजने की योजना का शुभारंभ किया गया।इस योजना से रुदौली क्षेत्र के 35432 छात्र–छात्राओं को लाभ मिल रहा है।इनमें कुल 4 करोड़ 25 लाख 18400 रुपए छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खाते में धनराशि पहुंच रही है।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामकृष्ण गुप्त ने किया।इस मौके पर बीआरसी रामनुज तिवारी,सत्येंद्र पाल,रामकृष्ण गुप्त,मो. गयास,रवि सिंह,राम जानकी सिंह,विपिन पालीवाल,अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र का जन्म दिवस 5 अगस्त को

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र का जन्म दिवस 5 अगस्त को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर १२बजे से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने बताया कि श्री मिश्र के जन्मदिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहेंगे।उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्री मिश्र के कृतित्व एवं विचारों का स्मरण किया जाएगा।पार्टी प्रवक्ता चौ. बलराम यादव ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है, श्रद्धांजलि देने के लिए 5 अगस्त को पार्टी कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत तमाम लोग शिरकत करेंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया गया नाग पंचमी त्योहार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हर्षोल्लास पूर्वक से नाग पंचमी पर्व मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने नाग देवता की पूजा कर दूध व लावा चढ़ाया वही इसी कड़ी में बच्चों ने गुड्डे गुडिया का खेल खेल कर इस पर्व का लुत्फ उठाया। सूत्र के मुताबिक जिले के बीकापुर तहसील क्षेत्र के कोछाबाजार, मोतीगंज, हैदरगंज, चौरेबाजार, रामपुर भगन, तारुन, नन्सा बाजार, जाना बाजार में नाग पंचमी का पर्व धूम–धाम से मनाया गया।इस मौके पर सुबह से ही घर की महिलाएं रसोई में चहल–कदमी करती दिखीं।बच्चियां गुड्डे–गुड़ियों को बनाने में व्यस्त रहीं तो लड़के ढ़ाक और बेर के डण्डों में रंग भरने में मशगूल रहे।तहसील क्षेत्र के बहुत से गांवों में लड़कियों की टोली नाग देवता को दूध पिलाने निकली तो लगा जैसे पुरानी परम्पराएं फिर से जीवन्त हो रही हैं।बीकापुर कस्बे में महिलाओं ने सामूहिक रूप से गीत गाकर नाग देवता का पूजा किया। कोछाबाजार, चौरे चंदौली समेत अन्य गांव में बच्चों ने तालाब और पोखरों में गुड्डे–गुड़ियों को पीटकर त्योहार का लुफ्त उठाया।चौरे बाजार के सागर में भी बच्चे पारंपरिक ढंग से त्योहार मनाते दिखे। महिलाओं ने साँपों के घरौनों के पास दूध, लावा, चना इत्यादि अर्पित कर नाग देवता को प्रसन्न करने के लिये पूजा–अर्चना की। यहां बड़ी संख्या में महिलाओं नाग देवता का सामूहिक पूजन कर सुख– समृद्धि की कामना की।ग्रामीण इलाकों में लम्बी कूद, ऊँची कूद के अलावा कुश्ती का भी आयोजन किया गया।बताते हैं कि नाग पंचमी के दिन नागों की उपासना का विधान है। मान्यता है नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने पर कुंडली में मौजूद कालसर्प और राहु दोष दूर हो जाता है। इसके अलावा जीवन के सभी पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इसीलिए हिंदू धर्म मे इस पर्व को कई वर्षों से हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वही आधुनिकता के इस दौर में आज भी कुछ त्योहार पुरानी परम्पराओं को संजोकर रखे हुए हैं।जिसमें नाग पंचमी का पर्व भी शामिल है।बताया जाता है कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है।यह दिन नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित होता है।मान्यता है कि नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं नजर आ रहा है तालाब बना सड़क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्थानीय बाजार में अयोध्या से अंबेडकरनगर जाने वाले मुख्य मार्ग से पुलिस चौकी चौराहे से दक्षिण तारापुर को जाने वाली सड़क बरसात में तालाब का रूप धारण कर लेती है जिससे राहगीरों को पानी में से गुजरना पड़ता है जबकि इस सड़क पर एक महाविद्यालय गैस एजेंसी सहित दुकाने व आवासीय मकान स्थित है। ग्रामीणों को भी बाजार से रोजमर्रा का सामान लेने के लिए पानी में से गुजरना पड़ता है कई बाइक सवार पानी के अंदर बने गड्ढे में गिर कर घायल हो चुके हैं गैस एजेंसी के मालिक संतोष सिंह ने बताया कि हमारे ग्राहकों को पानी में से गुजरना पड़ता था इसलिए गैस सिलेंडर को ट्रॉली पर लादकर ग्राहकों की सुविधा के लिए मुख्य मार्ग पर ले जाना पड़ता है। महाविद्यालय के संचालक महादेव सिंह ने कहा कि छात्र–छात्राओं को पानी में से गुजरना पड़ता है जिससे छात्राओं को विशेष परेशानी होती है मुख्य मार्ग से पांच सौ मीटर की दूरी पर बने महाविद्यालय में आने के लिए छात्र छात्राओं को तीन किलोमीटर घूम कर आना पड़ता है दुकानदारों का आरोप है कि उनकी बिक्री ना के बराबर है क्योंकि पानी से घुसकर ग्राहक सामान लेने नहीं आते संजय सिंह ने कहा कि हम लोगों ने जनप्रतिनिधियों से दर्जनों बार अपनी समस्या बताया लेकिन इस जन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है

## वाहन ने महिला को रौंदा, मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के नयाघाट चौकी अंतर्गत बालूघाट बाईपास पर एक अज्ञात वाहन ने महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला सावन झूला मेले में शामिल होने अयोध्या आई थी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया है।नयाघाट चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोमवार को 30 वर्षीय आरती निवासी गांव चमनपुर जनपद शिवहर, बिहार बालूघाट बाईपास पर सड़क पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टरों ने उस मृत घोषित किया। शव को पीएम के लिए भेंज दिया गया है। दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जारी है।

# नगर पंचायतों के गठन व विस्तारीकरण के प्रस्ताव को यूपी सरकार ने किया पास : कुल 13 प्रस्ताव हुए पास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर पंचायतों के गठन व विस्तारीकरण के प्रस्ताव को पास। किया गया, वाराणसी नगर निगम की सीमा का विस्तार होगा,रामनगर नगरपालिका परिषद को इसमे समाहित किया गया,साथ ही शुजाबाद नगर पंचायत को वाराणसी नगर निगम में समाहित किये जाने का निर्णय पूर्व में 734 नगर निकाय थे,पिछले कैबिनेट में 18 नई नगर पंचायत का गठन हुआ,18 नगर पंचायतों का सीमा सीमा विस्तार हुआ था,साथ ही 2 नगर पालिका परिषद का भी विस्तारीकरण हुआ था,आज की कैबिनेट में प्रतापगढ़ की डेरवा बाजार को नई नगर पंचायत के रुप मे सृजित करने का प्रस्ताव पास।इसके साथ आज फतेहपुर की खागा,शाहजहांपुर की निगोही,सोनभद्र की सोनभद्र नगर पंचायतों के विस्तार करने के प्रस्ताव को मंजूरी ,बुंलदशहर की अनूपशहर,गाजियाबाद की मोदीनगर,गाजियाबाद का मुरादनगर,गाजियाबाद की लोनी,शामली के कैराना, मुजफ्फरनगर की खतौली सहित नगर पालिका परिषदों का विस्तारीकरण को मंजूरी।मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को मंजूरी के इस योजना अंतर्गत नगर विकास का मास्टरप्लान बनाये जाएंगे, जनप्रतिनिधियों की सलाह ली जाएगी, रोड, ड्रेनेज,स्ट्रीट लाइट्स,कम्युनिटी हॉल निर्माण,बाजार में जनसुविधाओं के कार्य हेतु,चौराहों पर जन कार्य व सौंदर्यीकरण,ओपन पार्क व स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र के व्यवस्था आदि के लिए इस योजना अंतर्गत कार्य किये जायेंगे। इस योजनांतर्गत जो भी धनराशि नगर निकायों को जाएगी,उसमे 90: भार जनसंख्या को लेकर,व 10: भार क्षेत्रफल आधारित होगा।मास्टरप्लान नगर निकायों,नगर निगम में जिलाधिकारी व नगर आयुक्तों के नेतृत्व में समिति बनाई जाएगी। योजना की मासिक स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी।

## गैस सिलेंडर के दामों से लेकर किसान सम्मान निधी में हुए ये बड़े बदलाव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आज से आपके घरेलू खर्च में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। एक तरफ जहाँ कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर सस्ता हुआ है तो दूसरी तरफ अब आयकर रिटर्न भरने की तारीख न बढ़ने से अब जुर्माना भरना पड़ेगा। आज से आपके घरेलू खर्च में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। एक तरफ जहाँ कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर सस्ता हुआ है तो दूसरी तरफ अब आयकर रिटर्न भरने की तारीख न बढ़ने से अब जुर्माना भरना पड़ेगा। आज 1 अगस्त से 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में कमी आई है। इंडियन ऑयल ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में 36 रुपये की कमी की है। घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। पिछले दो महीनों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में दूसरी कटौती है। सरकार ने आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथी 31 जुलाई नर्धारित की थी, जिसको आगे नहीं बढ़ाया गया है तो अब आयकर रिटर्न भरने वालों को 1000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक जुर्माना चुकाना पड़ेगा। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए अब केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। जिन लाभार्थियों ने अभी तक झ्ल्ब नहीं करवाया है, उन्हे किसान सम्मान निधी की अगली किस्त नहीं मिलेगी।

## सीएम योगी ने 125 करोड़ की 422 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ प्रेक्षागृह से नगर निगम की 125 करोड़ की 422 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह महापौर सीताराम जायसवाल विधायक फतेह बहादुर सिंह विधायक राजेश पांडे विधायक विमलेश पासवान एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह एडीजी जोन अखिल कुमार डीआईजी जे रविंद्र कुमार नगर आयुक्त अविनाश सिंह कमिश्नर रवि कुमार एनजी जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर जीडीए उपाध्यक्ष प्रेम रंजन सिंह पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण बिश्नोई ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना उप जिलाधिकारी पवन कुमार अपर एसडीएम सदर शिवम सहित अन्य संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वाराणसी सिटी के लिए रोजाना चल रही एक्सप्रेस ट्रेन, गोरखपुर से रात 11 बजे होती है रवाना

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर–वाराणसी सिटी दैनिक एक्सप्रेस, गोरखपुर से रात 11.00 बजे छूटकर दूसरे दिन वाराणसी सिटी सुबह 05.05 बजे पहुंचती है, जबकि वाराणसी सिटी–गोरखपुर दैनिक एक्सप्रेस वाराणसी सिटी से रात 11.30 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर सुबह 04.50 बजे पहुंचती है।

## दो अक्टूबर को ग्राम न्यायालय का उद्घाटन करेंगे जनपद न्यायाधीश

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : उच्च न्यायालय इलाहाबाद की अधिसूचना 29 अक्टूबर 2022 के द्वारा ग्राम न्यायालय रूदौली एवं ग्राम न्यायालय बीकापुर में न्यायिक अधिकारीगण की नियुक्ति के फलस्वरूप उक्त न्यायालयों के सुचारी कार्य सम्पादन के उद्देश्य से 02अक्टूबर 2022 को अपरान्ह 01.30 बजे ग्राम न्यायालय रुदौली अयोध्या का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश, फैजाबाद संजीव फौजदार के करकमलों द्वारा किया गया। ग्राम न्यायालय रुदौली अयोध्या के पीठासीन अधिकारी पंकज कुमार को जनपद न्यायाधीश फैजाबाद द्वारा कार्य संपादन के लिए अधिकृत किया गया।उक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश संजीव फौजदार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद रिचा वर्मा, पीठासीन अधिकारी ग्राम न्यायालय रुदौली पंकज कुमार, उपजिलाधिकारी रुदौली स्वप्निल यादव एवं रुदौली बार के अध्यक्ष व अधिकवक्तागण भी उपस्थित रहे। ग्राम न्यायालय रुदौली के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत थाना–रुदौली, थाना मवई, थाना–पटरंगा के दो वर्ष तक की सजा के पुलिस चालानी वादों तथा दो वर्ष तक की सजा के मामलों में तलबी आदेश पारित हो चुके परिवादों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार प्रदान किया गया है। सम्बन्धित थानों के दो वर्ष तक की सजा के मामलों में प्रेषित आरोप पत्र/अंतिम रिपोर्ट सम्बन्धित ग्राम न्यायालय में ही दाखिल किये जायेगें। दो वर्ष तक की सजा संबंधित परिवाद मामलें उपरोक्तानुसार सम्बन्धित ग्राम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जायेगें तथा यदि उनमें अभियुक्त को दो वर्ष की सजा के मामलें में विचारण हेतु तलब किया जायेगा तो ऐसे प्रकरण सम्बन्धित ग्राम न्यायालय में स्थानान्तरित कर दिये जायेगें।

### डाक टिकट अमूल्य दस्तावेज : पत्रों से विद्यार्थियों ने बताया विजन फार इंडिया 2047

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सोशल मीडिया के क्रान्ति युग में आज की युवा पीढ़ी में पत्र लेखन के प्रति रुचि कम होती जा रही है एवं केवल प्रतियोगी परीक्षा के लिए छात्र पत्र लेखन का अभ्यास करते है जबकि पूर्व में एक–एक शब्द पर गहनता से विचार करके हृदय के उद्गारों को पत्र पर लिखा करते थे जो पाठक के हृदय को भाव विभोर कर दिया करता था। पत्र लेखन के लिए शब्दो का अच्छा ज्ञान होना आवश्यक है जबकि आज कल बहुत ही संक्षेप में लोग अपनी बात करते व लिखते हैं द्य यह विचार सरयू इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या में ढाई आखर प्रतियोगिता के अंतर्गत ''विजन फार इंडिया 2047'' को गति देने के उद्देश्य से मुख्य अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर अयोध्या मण्डल पी के सिंह ने व्यक्त किया । श्री सिंह ने कहा कि हर डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है और इससे युवा पीढ़ी को रूबरू कराने की जरूरत है। वक्त के साथ छोटा सा कागज का टुकड़ा दिखने वाले ये डाक टिकट ऐसे अमूल्य दस्तावेज बन जाते हैं, जिनकी कीमत लाखों –करोड़ों में हो जाती है। श्री सिंह ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फिलेटली को ''किंग आफ हाबी व हाबी आफ किंग'' के रूप में जाना जाता है, जिसमें रूचि रखने पर अनंत विषयों पर डाक टिकटों का संग्रह कर सकते हैं । श्री सिंह ने यह भी बताया कि ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत ''विजन फॉर इंडिया 2047'' शीर्षक पर पत्र लिखा जाना है द्य प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी से यह जानना है कि वर्ष 2047 में वह कैसे भारत की परिकल्पना करते हैं द्य साथ ही साथ उनके अन्दर देश के प्रति राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत करते हुए सोशल मीडिया से दूर हटकर पत्र लेखन के प्रति अभिरुचि को बढावा देना है । साथ ही श्री सिंह ने यह भी बताया कि इस ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में मूल्यांकन के आधार पर दोनों ग्रुपों में तीन तीन प्रतिभागियों को चयनित किया जाएगा जिन्हें राष्ट्रीय एवं परिमण्डल स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 50000‎६–, 25000‎६– एवं 10000‎६– तथा परिमण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागी को क्रमशः 25000‎६–,10000‎६–एवं 5000‎६–दिया जायेगा । इस दौरान स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ संजय तिवारी ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के बदलते दौर में आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया को अधिक तरजीह दे रही है ऐसे में उनकी पुरानी परम्परागत संचार शैली को बरकरार रखने के लिए बच्चों को फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) से भी जुड़ना चाहिए इससे उनका सामान्य ज्ञान भी विकसित होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सिविल की तैयारी करने वाले छात्रों को फिलेटली से जरूर जुड़ना चाहिए जिससे उन्हें सामान्य ज्ञान की परीक्षा में सार्थक साबित होगा । इस अवसर विद्यार्थियों ने लेटर बॉक्स में लिखे पत्रों को भी पोस्ट किया साथ ही डाक विभाग की कार्य शैली के गुर सीखे । इस दौरान मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, डॉ मधु त्रिपाठी, सोनल शुक्ला, इंचार्ज, अनीता सिंह, प्रगति श्रीवास्तव, चंदन सिंह, रवीश कुमार, ममता शर्मा आदि मौजूद रहे

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट,एक की मौत, 6 घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के नगर पंचायत बीकापुर के सेमरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक की मौत छः घायल मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स। बीकापुर नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 सेमरा गांव में अजय कुमार वर्मा और ठाकुर प्रसाद परिजन के बीच जमीनी विवाद को लेकर आपस में कहासुनी होने लगी और बात इतनी बढ़ गई कि अजय के पक्ष के लोगों ने लाठी डंडा हमला कर सुदामा उम्र 40 पत्नी कृष्णा प्रसाद, रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष राहुल कुमार उम्र 27 पुत्रगण कृष्णा प्रसाद रजनीश पुत्र ठाकुर, जितेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद, राजेंद्र कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी सेमरा गंभीर रूप से घायल हो गए। जितेंद्र कुमार को छोड़कर शेष घायलों का गहन इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है और विवेक कुमार पुत्र राजकुमार निवासी हैबतपुर थाना कोतवाली अयोध्या की घटना पर मौत हो गई जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एसपीआरए अतुल सोनकर, एसडीएम प्रशांत कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस प्रमोद कुमार यादव सीएचसी बीकापुर पहुंचे और घायलों का हालचाल लेते हुए पूछताछ शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ पीड़ित पक्ष के द्वारा समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।